दैनिक भास्कर
दिनांक 28/09/2021

# शिक्षण संस्थानों में यूपीएससी टॉपर ममता यादव का सम्मान

## स्कूल पहुंचकर छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने की दी सलाह

भास्कर न्यूज़ | कनीना



ममता यादव का स्वागत करते महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव व अन्य।

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में सिविल सर्विस परीक्षा में पूरे देश में पांचवां रैंक प्राप्त करने वाली ममता यादव का सोमवार को महाविद्यालय परिवार की ओर से जोरदार स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने उन्हें उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि उन्होंने इस परीक्षा में पांचवां रैंक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश के महेंद्रगढ़ जिले को भी गौरवान्वित किया है, जो अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। ममता यादव ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए की कहा कि इस धरा पर कोई भी प्राणी गुणरहित नहीं है आवश्यकता है तो स्वयं की प्रतिभा की पहचान करना की। सर्वप्रथम हमें अपनी प्रतिभा की पहचान कर, लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए क्योंकि परिश्रम ही व्यक्ति के जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी के लिए स्वयं को कैसे समयबद्ध किया तथा कौन-कौन सी पुस्तकों की सहायता ली व किन महापुरुषों ने उन्हें प्रेरित किया के बारे में विस्तार-पूर्वक बताया। उन्होंने अपने ज्ञानवर्धक एवं उत्प्रेरक व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं में सिविल सर्विस परीक्षा को उत्तीर्ण करने का उत्साह संचारित किया। प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने उनसे अनुरोध किया कि वह समय-समय पर महाविद्यालय में आकर छात्राओं का मार्गदर्शन करें क्योंकि इस महाविद्यालय की बहुत-सी छात्राएं इस परीक्षा के लिए प्रयासरत हैं, उन्होंने भी छात्राओं के यथासंभव मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर यादव, डॉ. सीमा देवी, डॉ. अंकिता, नीतू, कविता, सोमेशचंद, धनेश, राजेश, अनिल, हरपाल, मोनू ,कंवरपाल रामपाल, नीरज, हरीश आदि उपस्थित रहे।

## 'एक दिन की मेहनत से सफलता नहीं मिलती लगातार मेहनत करनी पड़ती है'



**कनीना** | देश की सर्वोच्च परीक्षा में ममता यादव ने देशभर में 5 वां रैंक पाने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर सोमवार को यूरो स्कूल कनीना में बसई निवासी ममता यादव सुपुत्री अशोक कुमार के सम्मान में समारोह हुआ। ममता यादव ने केवल महेंद्रगढ़ जिले का ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा प्रान्त का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान ममता यादव ने विद्यार्थियों को अपनी सफलता का मूल मंत्र बतलाया। उन्होंने बताया कि हमें असफलता मिलने पर भी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि कड़ी मेहनत एवं लग्न के साथ अथक प्रयास करते रहना चाहिए। उत्साहित विद्यार्थियों ने ममता यादव से उनकी सफलता के रहस्य के बारे में अनेक प्रश्न पूछे जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। इस तरह की परीक्षाओं में एक दिन की मेहनत से सफलता नहीं मिलती बल्कि लगातार मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि स्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए सुनिश्चित समय-सारणी का पालन करना चाहिए। अंत में स्कूल संचालक सत्यवीर यादव, स्कूल निर्देशक डॉ. राजेन्द्र यादव एवं स्कूल प्राचार्य सुनील यादव ने ममता यादव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा परिजनों को भी सम्मानित किया। स्कूल निर्देशक डॉ. राजेन्द्र यादव ने बच्चों से आईएएस साक्षात्कार से सम्बन्धित प्रश्न पूछे व प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले बच्चों को नगद राशि प्रदान करके बच्चों का हौसला बढ़ाया। इसके पश्चात स्कूल प्राचार्य सुनील यादव ने ममता यादव तथा उनके परिजनों का स्कूल में आने पर आभार प्रकट किया।

# महाविद्यालय ने किया ममता यादव का सम्मान

**संवाद सहयोगी, कनीना:** राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में सिविल सर्विस परीक्षा में संपूर्ण देश में पांचवां रैंक प्राप्त करने वाली ममता यादव का महाविद्यालय परिवार की ओर से महाविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया।



ममता यादव को सम्मानित करते प्राचार्य विक्रम सिंह एवं अन्य स्टाफ सदस्य ● जागरण

प्राचार्य डाक्टर विक्रम यादव ने उन्हें उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा कहा कि उन्होंने इस परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर देश के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के महेंद्रगढ़ जिले को भी गौरवान्वित कर दिया है, जो अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। ममता यादव ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए की कहा कि इस धरा पर कोई भी प्राणी गुण रहित नहीं है। आवश्यकता है स्वयं की प्रतिभा की पहचान करना है। सर्वप्रथम हमें अपनी प्रतिभा पहचान कर, लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए क्योंकि परिश्रम ही व्यक्ति के जीवन में सफलता की कुंजी है।

उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी के लिए स्वयं को कैसे समयबद्ध किया तथा कौन-कौन सी पुस्तकों की सहायता ली व किन महापुरुषों ने उन्हें प्रेरित किया के बारे में विस्तार-पूर्वक बताया।

उन्होंने अपने ज्ञानवर्धक एवं उत्प्रेरक व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं में सिविल सर्विस परीक्षा को उत्तीर्ण करने का उत्साह संचारित किया। प्राचार्य डा. विक्रम यादव ने उनसे अनुरोध किया कि वह समय -समय पर महाविद्यालय में आकर छात्राओं का मार्गदर्शन करें क्योंकि इस महाविद्यालय की बहुत सी छात्राएं इस परीक्षा के लिए प्रयासरत हैं, उन्होंने भी छात्राओं के यथासंभव मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डा सुधीर यादव, डा सीमा देवी, डा अंकिता, नीतू, कविता, सोमेशचंद, धनेश ,राजेश ,अनिल, हरपाल, मोनू ,कंवरपाल रामपाल, नीरज, हरीश उपस्थित रहे।

### एक नजर में

**740 सीटों पर हुआ दाखिला 460 रही खाली**

**कनीना:** कनीना के राजकीय महाविद्यालय में 1200 सीटों में से 740 पर विद्यार्थियों ने प्रवश लिया और अभी तक 460 सीटें खाली रह गई हैं। नोडल अधिकारी राजकीय महाविद्यालय कनीना डा हरिओम भारद्वाज ने बताया कि अभी तक दिए बीए की 219, बीकाम 107, बीएससी नान मेडिकल 103 और बीएससी मेडिकल की 31 सीटें खाली रह गई हैं। यदि शिक्षा विभाग हरियाणा का आदेश हुआ तो निकट भविष्य में ओपन काउंसलिंग हो सकती है। 1200 सीटों में से 740 सीटें ही भर पाई हैं। उधर उन्हाणी के प्राचार्य डा विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यालय में 225 सीटें खाली रह गई हैं। (संस)

दैनिक जागरण - दिनांक - 28/09/2021